# बम के खतरे से बचाव हेतु पूर्व तैयारी

सार्वजनिक या महत्वपूर्ण स्थलों एवं भवनों पर बम बारी की घटनाऐं आज के विश्व की एक ज्वलंत समस्या है । बम को इस तरह से बनाया जा सकता है ताकि यह किसी भी सामान्य वस्तु की तरह दिखे । इसे अनेकानेक तरीकों से किसी भी स्थल पर रखा जा सकता है । बम की तरह दिखने वाले बिस्फोटक पदार्थ को देखना लगभग असंभव है। सभी प्रकार के बमों में केवल एक बात समान होती है, और वह यह कि इनका उपयोग बिस्फोट के लिए किया जाता है।

हमारे देश में बमबारी से होने वाले ब्यापक नुकसान की घटनाएं घट चुकी हें तथा इन घटनाओं में कितने ही निर्दोष व्यक्तियों की जाने जा चुकी है। आतंकवादियों द्वारा इन्हें विभिन्न रूप में उपयोगकर व्यापक तबाही पहुंचाई जा रही है । अतः यह आवश्यक है कि प्रत्येक सार्वजनिक स्थलों तथा महत्वपूर्ण भवनों में बम के खतरों से बचाव हेतु सभी को इसकी जानकारी हो तथा बचाव हेतु पूर्व तैयारी एवं पूर्व अभ्यास किया जाय। इस अध्याय में बम तथा इससे बचाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई है, जो सुरक्षा अधिकारियों एवं सामान्य जन के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## बम क्या है

यह किसी भी सामान्य वस्तु के रूप में जैसे–अटेची, जूते में, बैग में, सिगार बाक्स आदि में हो सकता है । एक जीवंत बम निम्नांकित चार अव्यव एक दूसरे से जुडे होते है :–

- विस्फोटक पदार्थ
- डिटोनेटर
- इन्हें जोडने के लिए तार सर्किट आदि
- पावर स्त्रोत

## बम कैसा दिखता है

- बम किसी भी रूप में बनाया जा सकता है ।
- बम को अनेक तरीकों से किसी स्थान पर रखा जा सकता है ।
- याद रखें, यदि किसी भवन में बम ढूंढ रहे हों तो किसी भी अन्जान वस्तु पर संदेह करें ।

## बम के प्रकार

- ❖ पाईप बम (टुकडों में बम, विस्फोटक के धातु के टुकडे उडते है)
- ❖ बोतल बम (मोलोटोव काक्टेल, गैसोलिन एवं सल्फयूरिक एसिड)
- ❖ बैग बम (डायनामाईट की छडी एवं द्रव्य प्रोपेन के सिलेन्डर)
- ❖ कार बम ( स्पार्क प्लग द्वारा क्रियाशील)
- ❖ मेल बम (पैकेट एवं पत्र बम)

## बम को निष्क्रीय करने की विधि

- ➢ बैटरी से प्रवाहित होने वाले करेन्ट को रोकें ।
- ➢ करेन्ट प्रवाहित करने वाले तार को कांटे ।
- ➢ डिटोनेटर को बंद करें ।
- ➢ अवशेषित विस्फोटक सामग्री से डिटोनेटर को हटा दें ।

## बम की घटनाओं से सुरक्षा

- ➢ कार्य अधारित भौतिक सुरक्षा योजना बनाएं ।
- ➢ सभी कर्मचारियों एवं आगंतुको के प्रवेश के दौरान उनकी गाडियों, बैग अन्य जीजों की जॉच करें। चारदीवारी एवं लाइटिंग की भी पूरी चैंकिंग करें ।
- ➢ कार पार्किंग एवं जॉच चौकी भवन से 300 मीटर की दूरी पर रखें ।
- ➢ छुपने वाले स्थान जैसे–सीढी के नीचे का स्थान, स्विचबोर्ड, कम्प्यूटर रूम, केन्टीन एवं कार्यालय भवन की जांच करें ।
- ➢ अग्नि व सुरक्षा ड्रील तथा पैट्रोलिग नियमित रूप से करें ।

## बम होने की स्थिति में क्या करें क्या न करें

- ➢ भय और डर पैदा न करें ।
- ➢ बम या अन्य संदिग्ध वस्तु को न छुएं ।
- ➢ यदि आवश्यक हो तो इसके चारों तरफ बालू से भरा थेला रखें ।
- ➢ संदिग्ध वस्त्र को पानी के अन्दर न डाले ।

- संदिग्ध वस्तु के आस पास रेडियो, मोबाईल, वायरलेस सेट जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरणों का उपयोग न करें ।
- सभी दरवाजे एवं खिडकियों को खोल दे ताकि विस्फोट से होने वाले प्रभाव को कम किया जा सके ।
- शांत रहें ।
- भवन को खाली करे तथा भवनों से 300 मीटर की दूरी पर चले जायें जब तक बम निष्क्रीय नहीं होता तब किसी को भी अन्दर नहीं आने दें ।

## बम की घटनाओं से सुरक्षा

- प्रवेश स्थान पर नियंत्रण रखें (लाइटिंग एवं बाहर दीवारी के अतिरिक्त) ।
- पार्किंग में भी नियंत्रण रखें तथा इसे भवन से 300 मीटर की दूरी पर रखे ।
- घांसपूस की कटिंग कर इसे समतल रखें ।
- खिडकियों पर रखे बाक्स एवं गमले आदि की भी जांच करें ।
- सुरक्षा चौकी ऐसे स्थान पर रखे ताकि वहॉ से अधिकतम जगहों को देखा जा सके ।
- सभी पैकेट बंद सामानों की जांच करें तथा संवेदनशील स्थानों पर ले जाने वाली वस्तुओं की जोंच करें ।
- कचरा फेंकने वाले स्थान भवन से दूर हों तथा व्यवस्थित हो ।
- ज्वलनशील पदार्थों को ठीक ढंग से फेंके ।

## इन चीजों से सावधान रहें :–

- ऐसे व्यक्ति जो संदिग्ध लगते हों
- ऐसा सामान या पार्सल जो अन्जान लगता हो
- छुपाने वाले स्थान जैसे – सीढी के नीचे का स्थान, कार्यालय या खाली स्थल आदि
- यदि लिफ्ट, कम्प्यूटर रूम, स्वीच बोर्ड, ए.सी. रूम यदि उपयोग में न हो तो इसे बंद कर दें ।

## <u>निर्णय लेने का समय</u>

बम होने के संदेह की स्थिति में आपके पास तीन रास्ते है :–

- धमकी पर ध्यान न दें ।
- भवन को तुरंत खाली करें ।
- भवन को खाली करने के साथ–साथ संदिग्ध वस्तु को भी खोजें ।

## <u>संदिग्ध वस्तु के दिखने पर क्या करें</u>

- संबंधित बचाव एंजेसी को सही स्थान एवं संदिग्ध वस्तु के बनावट के बारे में सही सूचना दें ।
- यदि आवश्यक हो तो इसके उपर बालू से भरी बोरी रखें (सीधे न रखे) ।
- संदिग्ध वस्तु से प्रभावित होने वाले स्थान 300 मीटर की परिधी में (जिसमें फर्श और छत भी शामिल है) की पहचान करें ।
- विस्फोट से होने वाले प्राथमिक हानि तथा इसके टुकड्रों से होने वाले द्वितीयक प्रभाव को कम करने हेतु सभी दरवाजे एवं खिडकियों को खोल दें ।
- भवन को खाली कर दें तथा किसी को अंदर नहीं आने दें ।

## क्या करें क्या न करें

- शांत रहे एवं भवन से शांतिपूर्वक बाहर आ जावें ।
- पुलिस कन्ट्रोल रूम एवं अन्य संबंधित एजेन्सियों को सूचित करें ।

## <u>सुरक्षा अधिकारी के कर्तव्य</u>

यदि किसी अन्य स्त्रोत से सूचना प्राप्त हुई है तो :–

- भय पैदा न करें ।
- केयर टेकर को किसी भी अन्जान सेदहास्पद वस्तु को खोजने हेतु निर्देशित करें ।
- यदि कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई दे तो उसे न छुंए ।
- सूचना देने वाले की विश्वसनीयता को परखें ।

- पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करें तथा बम डिस्पोजल टीम से बम की निष्क्रीयता से संबंध में सूचना प्राप्त होने के बाद तथा पूरे क्षेत्र के गहन खोज के बाद भवन के लोगों को प्रवेश करने दें ।